हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 7 अप्रैल 2026

06 गंज रेलवे अंडरब्रिज 45 दिन बंद, फेरा लगाकर…



07 नप की दुकानों का हो रहा विस्तारीकरण दुकान…





**खबर संक्षेप**

### नरवाई जलाने पर की कार्रवाई, जुर्माना लगाया

**नर्मदापुरम।** नरवाई प्रबंधन हेतु निरंतर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पिपरिया, राजस्व विभाग एवं विभिन्न विभागों से बनाए गए नोडल अधिकारी, सहायक नोडल सतत भ्रमण कर रहे हैं। तहसील पिपरिया अंतर्गत नरवाई की घटना पाए जाने पर ग्राम ठूठा- दहलवाड़ा के 12 व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। अनुविभाग पिपरिया अंतर्गत आज दिनांक तक 68 व्यक्तियों के विरुद्ध 2 लाख 97 हजार रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, कलेक्टर एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी पिपरिया के प्रतिबंधात्मक आदेशों के अंतर्गत जहां-जहां भी नरवाई जलाने की घटना पाई जाएगी संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध जुर्माना अधिरोपित करने एवं नरवाई प्रवन्धन मे असहयोग करने, नरवाई जलाने की घटनाओ को बढ़ावा देने सम्वधी चिन्हित व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने हेतु प्रकरण तैयार किये जा रहें है।

### रोजगार मेला आयोजन के लिए सौंपे दायित्व

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय, नर्मदापुरम द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवक, युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन 10 अप्रैल 2026 को शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय इटारसी जिला नर्मदापुरम में किया जाएगा। तत्संबंध में कलेक्टर सुश्री मीना द्वारा रोजगार मेले के सुचारु आयोजन हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंप उनकी ड्यूटी लगाई गई है।

### 02 लाख 49 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

**नर्मदापुरम।** सांसद लोकसभा दर्शन सिंह चौधरी की अनुशंसा पर कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा सांसद निधि से 03 निर्माण कार्य के लिए 02 लाख 49 हजार 118 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई।

### नगर पालिका का 211 करोड़ से अधिक की राशि का बजट पास

# भोपाल तिराहे पर पार्किंग और हेलीपेड का होगा निर्माण, 5 स्वागत द्वार बनेंगे

सोमवार को नगर पालिका ने अपना साधारण बजट प्रस्तुत किया है जिसमें कई निर्माण कार्यों को हरी झंडी दिखाई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सोमवार को नगरपालिका परिषद के साधारण सम्मेलन में बजट प्रस्तुत किया गया। बजट में भाजपा सरकार की अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ और मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने की सोच को बुलंद किया गया है। साधारण सम्मेलन में 211 करोड़ की अधिक की राशि का बजट के प्रस्ताव को हरी झंडी मिली।

साधारण सम्मेलन में अतिथि के रूप में मप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं विधायक डॉ सीतासरन शर्मा एवं राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की। अतिथिद्वय के मार्गदर्शन में नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा सर्वाग्रीण विकास को व केंद्र और राज्य सरकारों की परिकल्पना को ध्यान में रखते हुए अपनी परिषद का बजट प्रस्तुत किया गया।




**बैठक में यह हुए शामिल**

साधारण सम्मेलन में मुख्यमंत्री की घोषणानुसार 15 करोड़ की लागत से भोपाल तिराहे पर पार्किंग बनाने, हेलीपेड का निर्माण एवं नगर में 5 स्वागत द्वार बनाए जाने पर मुहर लगी। इसके साथ ही कोरीघाट नाले का पानी आजोनाइजेशन प्रक्रिया से शुद्ध करने का प्रस्ताव ध्वनि मत से पास हुआ। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि साधारण सम्मेलन में नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर आज साधारण सम्मेलन संपन्न हुआ। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष अभय वर्मा, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, नेताप्रतिपक्ष अनोखे राजोरिया, उपयंत्रीगण सहित सभापतिगण, पार्षदगण और एडरमेन उपस्थित रहे।

**साधारण बजट में बनी सहमति**

- **65 हजार रुपए का बचत का बजट पेश** - साधारण सम्मेलन में अनुमानित बजट 2 अरब 11 करोड़ 4 लाख 74 हजार की राशि का प्रस्तुत किया गया। जिसमें 2 अरब 11 करोड़ 4 लाख 9 हजार रुपए की राशि व्यय होने का अनुमान है। यह बजट करीब 65 हजार रुपए की बचत का है।
- **नेहरू पार्क का होगा विस्तार**- साधारण सम्मेलन में नर्मदा लोक फेस 2 के विस्तार के लिए 15 करोड़ की राशि भी शामिल है। इसके अलावा मुख्यमंत्री अधोसंरचना 4.0 के तहत अनेक विकास कार्य किए जाएंगे। जिसमें नेहरू पार्क का विस्तार, काम्प्लेक्स, ट्रेचिंग ग्राउंड पर कचरा निपटान के बाद पार्क का निर्माण किया जाएगा। बजट में अध्यात्मिकता का भी ध्यान रखा गया है जिसमें गीता भवन बनाए जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी मिली।
- **गंदगी करने पर प्रतिदिन लगेगा जुर्माना**-साधारण सम्मेलन में सभी सभापतिगण, पार्षदगण और एडरमेलन द्वारा गंदगी करने वालों पर प्रतिदिन जुर्माना लगाए जाने के प्रस्ताव पास किया गया। साथ ही कचरा गाड़ी में प्रतिदिन इसका प्रचार करने की बात कही गई।
- **पीआईसी की बैठक संपन्न** - कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि साधारण सम्मेलन से पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव की अध्यक्षता में पीआईसी की बैठक का आयोजन किया गया।

## पुलिस ने 135 फरारी वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**पुलिस ने सड़कों पर की कॉम्बिंग गश्त**



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम द्वारा जिले के सभी थाना क्षेत्रों में 4 एवं 5 अप्रैल को व्यापक स्तर पर कांबिंग गश्त कराई गई। देर रात चले इस अभियान में गुंडा, बदमाशों की भी चेकिंग की गई। देर रात तक चली इस कार्यवाही के दौरान सभी थाना प्रभारियों द्वारा थाना क्षेत्र में सक्रिय बदमाशों, वारंटियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर प्रभावी कार्रवाई की गई।

इस अभियान के तहत नर्मदापुरम अनुभाग अंतर्गत थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 16 फरारी वारंट एवं देहात पुलिस द्वारा 13 फरारी वारंट तामील कराए गए। अनुभाग इटारसी अंतर्गत थाना इटारसी पुलिस द्वारा 30 फरारी वारंट, पथरौटा पुलिस द्वारा 06 फरारी वारंट, थाना केसला पुलिस द्वारा 05 फरारी वारंट, थाना रामपुर पुलिस द्वारा 04 फरारी वारंट एवं तवानगर पुलिस द्वारा 03 फरारी वारंट तामील कराए गए। अनुभाग सिवनी मालवा अंतर्गत थाना सिवनी मालवा पुलिस द्वारा 09 फरारी वारंट, थाना डोलरिया द्वारा 06 फरारी वारंट एवं थाना शिवपुर पुलिस द्वारा 03 फरारी वारंट तामील कराए गए। अनुभाग सोहागपुर अंतर्गत थाना सोहागपुर पुलिस द्वारा 14 फरारी वारंट एवं थाना माखन नगर द्वारा 10 फरारी वारंट तामील कराए गए। अनुभाग पिपरिया अंतर्गत थाना पिपरिया पुलिस द्वारा 07 फरारी वारंट, थाना बनखेड़ी पुलिस द्वारा 04 फरारी वारंट, थाना स्टेशन रोड पिपरिया द्वारा 04 फरारी वारंट एवं थाना पचमढ़ी पुलिस द्वारा 01 फरारी वारंट तामील कराए गए। इस प्रकार देर रात चले इस अभियान अंतर्गत कुल 135 फरार वारंटीयों को गिरफ्तार किया गया।

## नए नेतृत्व से संगठन को गति मिलेगी: कांग्रेस जिलाध्यक्ष

**जिला कांग्रेस कार्यालय में नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल मालाओं से हुआ स्वागत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

कांग्रेस संगठन के अंतर्गत आने वाले विभिन्न प्रकोष्ठ एवं मोर्चा संगठनों में संगठन को गति देने के लिए कुछ सक्रिय पदाधिकारीयों की नियुक्ति की गई है। जिसके चलते जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव पद पर नेहा चावरे, परिवहन प्रकोष्ठ के



प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर अन्टू भाटिया, अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पद पर अजय अहिरवार एवं किसान कांग्रेस के नगर अध्यक्ष पद पर अखिलेश पटेल को मनोनीत किया गया है।

इस अवसर पर पांडेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी नवनियुक्त पदाधिकारीयों को शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। साथ ही नवनियुक्त पदाधिकारियों से आशा की है कि वह अपने-अपने क्षेत्र में कांग्रेस संगठन की मजबूती के लिए जोर-शोर से प्रयास करेंगे एवं उनके नेतृत्व में कांग्रेस संगठन को एक नई गति प्रदान होगी। कार्यक्रम को अन्य वरिष्ठ वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओम सेन, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय शुक्ला, कांग्रेस नेता धर्मेंद्र मालवीय, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी, शेख रमजान, रामनारायण गौर, पूर्व पार्षद रजनीकांत सोनकर, मयंक कलोसिया सहित अन्य कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## पोर्टरखोली में अलसुबह कपड़े चोरी की हुई घटना तेजी से आया व्यक्ति कपड़े लेकर हुआ रफूचक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के वार्ड 27, पोर्टरखोली क्षेत्र में एक अजीबोगरीब चोरी की घटना सामने आई है। तड़के एक युवक ने घर की बाउंड्रीवॉल फांदकर आंगन में सूख रहे कपड़ों पर हाथ साफ किया, जिससे क्षेत्र के रहवासियों में असुरक्षा और हैरत का माहौल है। घटना सोमवार तड़के करीब 4:45 से 5:00 बजे के बीच की है।

बजरंगपुरा स्थित राहुल दुबे के निवास पर एक अज्ञात युवक बड़ी फुर्ती से आया और बाउंड्रीवॉल पर चढ़कर घर के भीतर दाखिल हो



गया। आहट पाकर जब घर के सदस्य जागे और आवाज दी, तो युवक घबराने के बजाय आंगन में सूख रहे दो अंडरगारमेंट्स उठाकर तेजी से भाग निकला।

मकान मालिक राहुल दुबे ने बताया कि इस तरह की घटना पहले भी एक बार घटित हो चुकी है। उस वक्त एक मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति ऐसी हरकत करते पाया गया था, जिसे समझा-बुझाकर भगा दिया गया था। हालांकि, इस बार भी पीड़ित पक्ष ने अभी तक पुलिस में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

## आयुध निर्माणी पहुंचे कर्मचारी महासंघ संयुक्त सचिव, आठवें वेतन आयोग पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

अखिल भारतीय रक्षा कर्मचारी महासंघ के संयुक्त सचिव एवं जेसीएम सदस्य कामरेड आरएस रेड्डी अपने दो दिवसीय प्रवास पर आयुध निर्माणी इटारसी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों और निर्माणी के श्रमिकों के साथ विस्तृत संवाद किया।लंबी दूरी के लिए बस और रेल की सेवाएं

**श्रेणीवार चर्चा और निगमीकरण के मुद्दे**

कामरेड रेड्डी ने निर्माणी के विभिन्न विभागों के श्रमिकों से उनकी कार्य श्रेणी के अनुसार भेंट की। इस दौरान



नए श्रम कानून, आठवें वेतन आयोग का गठन और आयुध निर्माणियों के निगमीकरण के पश्चात उत्पन्न चुनौतियों पर चर्चा हुई। उन्होंने श्रमिकों की समस्याओं को सुना और महासंघ द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा की।

इस सांगठनिक बैठक में पूर्व जेसीएम सदस्य कामरेड आरएन शर्मा, संघ के अध्यक्ष रामकुमार चौधरी और भागीरथ प्रसाद मुख्य रूप से उपस्थित रहे। संवाद कार्यक्रम में भरत, जागेश कुमार, सतपाल मीणा, ब्रजमोहन मीणा, दीपक चौरे, रामराज मीणा, बसंत वर्मा, संदीप गुप्ता, अतीक खान सहित बड़ी संख्या में संघ के कार्यकर्ता और श्रमिक उपस्थित रहे।

## निशानेबाजों को अनुशासन और निरंतर अभ्यास का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पुरानी इटारसी स्थित आर्चरी नोडल खेल विद्यालय में संचालित तीरंदाजी प्रशिक्षण शिविर में वरिष्ठ पत्रकार रोहित नागे ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण ले रहे खिलाडिय़ों के खेल प्रदर्शन और उनकी कार्यकुशलता का अवलोकन किया। उन्होंने खिलाडिय़ों के साथ सहज वातावरण में बैठकर संवाद किया और खेल के प्रति उनके दृष्टिकोण व रुचियों को समझा।शहर और स्थानीय मार्गदर्शिका

खिलाडिय़ों को संबोधित करते हुए रोहित नागे ने कहा कि शारीरिक और मानसिक संतुलन के लिए हर नागरिक को अपने जीवन में कम से कम एक व्यक्तिगत खेल (इंडिविजुअल स्पोर्ट्स) जरूर अपनाना चाहिए। उन्होंने अनुशासन, समर्पण और निरंतर अभ्यास को सफलता की कुंजी बताते हुए खिलाडिय़ों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाडिय़ों को फल वितरण भी किया। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने आर्चरी प्रशिक्षक अश्वनी मालवीय और गीतांजलि के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से पुरानी इटारसी क्षेत्र में बालिकाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने और उन्हें बेहतर मंच प्रदान करने के लिए प्रशिक्षण टीम को शुभकामनाएं दीं।

## समस्याओं को लेकर मुलाकात कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने की नपाध्यक्ष से मुलाकात, बताई वार्ड-समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर में बढ़ती पानी की किल्लत एवं अन्य जनसमस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पाण्डेय एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चोरे से मुलाकात कर शीघ्र समाधान की मांग की। इस दौरान शहर में पेयजल संकट, नालियों की सफाई, टैंकरों की संख्या बढ़ाने सहित कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष पाण्डेय ने कहा कि शहर में दिनों-दिन पानी की किल्लत बढ़ती जा रही है, जिससे आम जनता परेशान हो रही है। उन्होंने मांग की कि तत्काल पानी के



टैंकरों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि प्रभावित वार्डों में नियमित रूप से पानी उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने बताया कि नगर के 34 वार्डों में कई स्थानों पर नालियां बंद पड़ी हैं, जिनकी सफाई नहीं होने से गंदगी और बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। साथ ही नलों में समय पर पानी नहीं आ रहा, पंप ऑपरेटर समय पर मोटर चालू नहीं करते, जिससे जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इन सभी समस्याओं का जल्द समाधान किया जाए। पाण्डेय ने यह भी कहा कि वार्ड क्रमांक 32 में सफाई व्यवस्था के लिए निजी हाथों में ठेका दिए जाने की प्रक्रिया पर पुनः विचार किया जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और सफाई व्यवस्था प्रभावित न हो।

## भाजपा के स्थापना दिवस पर हुए सोहागपुर मंडल में कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर सोमवार को सोहागपुर मंडल क्षेत्र में विविध आयोजन किये गए। इस क्रम में सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह के शहर स्थित कार्यालय में भाजपा सोहागपुर मंडल का मुख्य आयोजन किया।

सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्विनी सरोज ने बताया कि इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गय। स्थापना दिवस के दौरान सोहागपुर मंडल के समस्त बूथों पर कार्यक्रम आयोजित किये गए। वहीं विधायक कार्यालय पर सोमवार दोपहर आयोजन किया गया। स्थापना दिवस के इस मुख्य कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ नेता चौधरी माधव सिंह, नगर परिषद उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, सोहागपुर मंडल अध्यक्ष अश्विनी सरोज, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नीरज यादव, तुलसीराम भल्लावी, पार्षद रविशंकर उईके आदि मौजूद रहे।

**आम नागरिकों को कर रहे जागरूक**

## नर्मदा स्वच्छता अभियान की मशाल थामे कायस्थ समाज, कर रहे घाटों पर सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मां नर्मदा की महिमा, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक दायित्व को केंद्र में रखकर अखिल भारतीय कायस्थ समाज द्वारा चलाया जा रहा स्वच्छता अभियान लगातार प्रेरणादायक स्वरूप लेता जा रहा है। विगत तीन-चार वर्षों से समाज के सदस्यों द्वारा स्थानीय चित्रगुप्त घाट सहित अन्य घाटों पर नियमित रूप से सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में रविवार को भी समाज के पदाधिकारियों, मातृशक्ति एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने नर्मदा तट पर पहुंचकर सफाई की, पूजा सामग्री, फूल-मालाएं और अन्य कचरे को बाहर निकालकर



एकत्रित किया तथा उसे सुरक्षित रूप से डस्टबिन में डाला।

स्वच्छता अभियान में प्रमुख रूप से मोना आनंद कुमार श्रीवास्तव, जो रिटायर्ड टीचर हैं और वर्तमान में गुड़गांव, दिल्ली में निवासरत हैं, विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उनके साथ मंजू श्रीवास्तव, ज्योति वर्मा, प्रीति खरे, जानकी, ममता तिवारी, अनीता वर्मा, रश्मि वर्मा, सुमन वर्मा, अभय वर्मा, सी.बी. खरे, केशव देव वर्मा, विजय वर्मा, लालता प्रसाद, आदित्य, अशोक वर्मा, मनोज वर्मा सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मोना आनंद कुमार श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि मां नर्मदा केवल आस्था की धारा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, सभ्यता और जीवन का आधार हैं। उन्होंने कहा कि नर्मदा तटों की स्वच्छता बनाए रखना हम सभी का नैतिक दायित्व है।

### किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस मुखर

**इटारसी।** जिला किसान कांग्रेस नर्मदापुरम एवं युवा कांग्रेस के तत्वावधान में सोमवार को जिले की सबसे बड़ी इटारसी कृषि उपज मंडी में किसान संवाद आयोजित किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने मंडी प्रशासन के साथ चर्चा कर गेहूं, चना और मक्का लेकर आए किसानों को हो रही तुलाई संबंधी दिक्कतों और उचित एमएसपी सुनिश्चित करने की मांग उठाई। मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिषेक परमार ने किसानों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को प्रमुखता से उठाकर जिला प्रशासन से प्रभावी कार्रवाई की मांग की। लंबी दूरी के लिए बस और रेल की सेवाएं बैठक में जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विजय बाबू चौधरी ने मांग रखी कि जिन किसानों ने 15 मार्च से 10 अप्रैल के बीच अपनी उपज समर्थन मूल्य से कम पर बेची है, सरकार सूची बनाकर भरपाई करे।

## जीसीए टीम ने जीसीएनए प्रो स्टार इटारसी टीम को हराया



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विक्टोरियस कप क्रिकेट टूर्नामेंट में आज जीसीएनए प्रो स्टार इटारसी को शानदार ढंग से हराया। डीसीए के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया और प्रो स्टार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में मात्र 79 रन बनाए जिसे जीसीए के बल्लेबाजों ने दो विकेट के नुकसान पर निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करके जीत हासिल की। इस मैच का मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ धावक केंएन त्रिपाठी, होशंगाबाद संभाग के तेज गेंदबाज और एमपीएल निवाड़ के खिलाडी कार्तिक राजोरिया द्वारा दिया गया। वहीं दूसरा मैच कैडबरी इटारसी और अनंत विक्टोरिया के मध्य खेला गया जिसमें अनंत विक्टोरियस टीम निर्धारित 15 ओवर में 118 रन ही बना सकी। कैडबरी के बल्लेबाजों ने अपना विजयलक्ष्य प्राप्त किया और अपनी टीम को जीत दिलाई।

## खबर संक्षेप

### नरवाई नहीं जलाएं, 2.11 लाख किसानों को संदेश

**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देश पर कृषि अभियांत्रिकी विभाग बैतूल द्वारा जिले के किसानों को नरवाई प्रबंधन के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके तहत कृषक सारथीऱ्एप के माध्यम से एसएमएस भेजकर किसानों को खेतों में नरवाई प्रबंधन हेतु उचित यंत्रों के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के सहयोग से जिले के कुल 2 लाख 11 हजार 758 किसानों को संदेश भेजे गए, जिनमें बताया कि नरवाई जलाना दंडनीय अपराध है। साथ ही किसानों से अपील की गई कि वे पर्यावरण संरक्षण और मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए उचित यंत्रों को अपनाएं।

### अतिक्रमण पर सख्ती, 7 दिन में दस्तावेज जमा करने के निर्देश जारी

**बैतूल।** नगर पालिका परिषद बैतूल द्वारा नगरीय क्षेत्र में शासकीय भूमि पर अवैध रूप से गुमठी एवं ठेले लगाकर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए गए हैं। मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने ऐसे सभी अतिक्रमणकारियों को 7 दिवस के भीतर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार संबंधितों से गरीबी रेखा राशन कार्ड, आधार कार्ड, स्थाई निवास प्रमाण पत्र, मेरे अथवा मेरे परिवार के नाम से इस दुकान के अतिरिक्त नगर में कोई अन्य अतिक्रमण दुकान स्थापित नहीं है का नोटराइज्ड स्वप्रमाणित शपथ पत्र, वोटर आईडी (कम से कम 5 वर्ष पूर्व मतदाता सूची में नाम होने का प्रमाण), समग्र आईडी, पथ विक्रेता प्रमाण पत्र तथा 2 पासपोर्ट साइज फोटो की प्रतियां मांगी गई हैं। नगर पालिका ने चेतावनी दी है कि निर्धारित समय सीमा में दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1961 की धारा 223 के तहत कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटेगा।

### छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय की द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की परीक्षाएं स्थगित

**बैतूल।** राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सत्र 2025-26 की स्नातक परीक्षाओं को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया है। राजा शंकर शाह विवि छिन्दवाड़ा कुल सचिव ने बताया कि सत्र 2025-26 के अंतर्गत स्नातक पाठ्यक्रम बीए, बीकॉम, बीएससी, बीएचएससी, बीसीए, बीबीए तृतीय एवं द्वितीय वर्ष 07 अप्रैल 2026 एवं 08 अप्रैल से प्रारंभ होने वाली परीक्षा अपरिहार्य कारणों से स्थगित की गई है।

### ओवरब्रिज पर शिफ्ट हुआ ट्रैफिक, लग रहा बार-बार जाम

# गंज रेलवे अंडरब्रिज 45 दिन बंद, फेरा लगाकर गंज पहुंच रहे वाहन चालक





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

तीसरी रेलवे लाइन और अंडरब्रिज की लंबाई बढ़ाने के कारण रेलवे ने 3 अप्रैल से 45 दिनों के लिए वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया है। अंडरब्रिज का रास्ता बंद होने से पूरा ट्रॉफिक सदर ओवरब्रिज पर शिफ्ट हो गया है, जिससे बार-बार ट्रैफिक जाम के हालात बन रहे है। हालांकि वाहन चालकों को परेशानी न हो, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने ओवरब्रिज से भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। भारी वाहन और बसें सोनाघाटी से होकर शहर में प्रवेश करेगी। लेकिन इसके बाद भी ओवरब्रिज पर ट्रॉफिक जाम की समस्या कम नहीं हुई है।

हालात यह है कि सुबह और शाम के समय ओवरब्रिज के दोनों तरफ बार-बार जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। बता दे कि मध्य रेल, बैतूल के निर्माण विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार, बैतूल रेलवे स्टेशन के इटारसी छोर पर रेलवे किलोमीटर 850/41-43 के बीच स्थित अंडरपास में तीसरी लाइन के निर्माण के लिए इसकी लंबाई बढ़ाई जा रही है। इस निर्माण कार्य की कुल अवधि लगभग 45 दिन निर्धारित की गई है, जिसमें लगभग एक माह निर्माण कार्य और 15 दिन तराई के लिए रखे गए हैं।

#### शिफ्ट होने से लग रहा जाम

गंज अंडरब्रिज बडोरा को गंज क्षेत्र से सीधे जोड़ता है। वर्तमान में बडोरा मंडी में उपज की बंपर आवक हो रही है। मंडी से उपज रेलवे माल गोदाम ले जाना पड़ता है, लेकिन भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित होने से वाहन चालकों को लगभग तीन किलोमीटर का फेरा लगाना पड़ रहा है। अधिकतर भारी वाहन और यात्री बसे कारगिल चौक, गेंदा चौक से सदर ओवरब्रिज से ही आना-जाना कर रहे है। जिससे गेंदा चौक सदर ओवरब्रिज और माचना ब्रिज पर दिन में कई बार जाम की स्थिति बन रही है और वाहन चालकों के साथ ही आम नागरिकों को भी परेशान हो रहे है। लेकिन जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे है। यदि यातायात व्यवस्था को लेकर ठोस और प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो आम नागरिकों की परेशानी और बढ़ सकती है।

#### सदर रेलवे गेट बंद

सदर का रेलवे गेट बंद होने के बाद आवाजाही के लिए गंज अंडरब्रिज और सदर ओवरब्रिज ही हैं। गंज अंडरब्रिज पर काम होने से केवल सदर ओवरब्रिज से ही वाहनों की आवाजाही होती है। यहां से मुलताई, आठनेर, बैतूलबाजार, भैंसदेही, चिचोली सहित अन्य जगहों से आने वाले वाहन सदर ओवरब्रिज होते ही शहर में आ रहे हैं। यदि एक भी मार्ग बंद हो जाता है तो ट्रैफिक का दबाव बढ़ जाता है। सदर रेलवे गेट बंद होने का लोगों को जमकर विरोध किया था, लेकिन जनप्रतिनिधियों ने इस पर ध्यान नहीं दिया। रेलवे ने सदर अंडरब्रिज निर्माण की प्रक्रिया शुरू की थी, लेकिन आज तक यह स्वीकृत नहीं हुआ। जिले में केंद्रीय मंत्री होने के बाद भी सदर अंडरब्रिज की फाइल अटकी पड़ी है।

#### ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने यह बन है प्लान

(1) मुलताई की ओर से आने वाले मध्यम एवं भारी वाहन एलबी लॉन से सीधे फोरलेन का उपयोग कर भारत भारती से सोनघाटी फॉरेस्ट बैरियर होते हुए शहर में पहुंचेगे।

(2) इंदौर- चिचोली मार्ग से आने वाले बड़े वाहन तितली चौराहे से फोरलेन होते हुए भारत भारती एवं फॉरेस्ट बैरियर मार्ग से शहर में पहुंचेगे।

(3) शहर से बाहर जाने वाले वाले मध्यम एवं भारी वाहन गेंदा चौक से इटारसी रोड होते हुए फॉरेस्ट बैरियर मार्ग से भारत भारती की ओर निकलेंगे।

(4) बडोरा से आने वाले वाहन रामबोलो चौक (सदर ओवर ब्रिज चौराहा) से करबला होते हुए तितली चौराहे तक जाएंगे। इसके बाद फोरलेन से भारत भारती एवं फॉरेस्ट बैरियर होते हुए अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करेंगे।

#### 3 किमी का लगा रहे फेरा

45 दिनों तक अंडरब्रिज से आवाजाही बंद होने के कारण लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। इस अंडरब्रिज से रोजाना 10 हजार वाहन चालक गुजरते हैं। शहर में आने और शहर से बडोरा जाने के लिए वाहनों को अब 3 किलोमीटर का लंबा फेरा लगाना पड़ रहा है।

### मुलताई पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## 10 चोरी के दोपहिया वाहन बरामद, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

मुलताई पुलिस को दोपहिया वाहन चोरी के मामले में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10 चोरी के दोपहिया वाहन (9 मोटरसाइकिल एवं 1 स्कूटी) बरामद किए हैं, जिनकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 6 लाख 60 हजार बताई जा रही है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना मुलताई पुलिस को देहात भ्रमण के दौरान एक विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम लेंडागोंदी निवासी पंकज पंवार अपने खेत स्थित भैंस के बाड़े में चोरी की कई मोटरसाइकिलें छिपाकर रखे हुए है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने पंचों के साथ मौके पर दबिश दी। दबिश के दौरान एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम पंकज पिता हीराचंद पंवार (31 वर्ष), निवासी लेंडागोंदी, थाना मुलताई, जिला बैतूल बताया।

#### तलाशी में 10 वाहन बरामद

आरोपी के भैंस बाड़े की तलाशी लेने पर कुल 10 दोपहिया वाहन बरामद किए गए, जिनमें 9 मोटरसाइकिल और 1 स्कूटी शामिल है। बरामद वाहनों की कुल अनुमानित कीमत 6,60,000 है। आरोपी किसी भी वाहन के वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका और न ही संतोषजनक जवाब दे पाया। प्रथम दृष्टया मामला अपराध का पाए जाने पर जांच शुरू की है।

### कुंडई में ट्रांसफार्मर की चपेट में आया मजदूर

**मुलताई।** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुंडई में रविवार शाम एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जिसने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया। शाम करीब 4 बजे 27 वर्षीय मजदूर अतुल पुत्र श्रावण पठाड़े बिजली के ट्रांसफार्मर की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अतुल गांव के ही एक व्यक्ति के यहां काम के सिलसिले में जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में स्थित ट्रांसफार्मर से उसे अचानक जोरदार करंट लग गया। हादसा इतना भयावह था कि अतुल के हाथ, कंधे, सीने और पैर बुरी तरह झुलस गए। घटना के तुरंत बाद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए उसे पांढुरना जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए नागपुर रेफर कर दिया। वर्तमान में नागपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज जारी है, जहां स्थिति बेहद नाजुक बनी हुई है।

### बिलों को लेकर कांग्रेस का धरना

## कांग्रेस किसानों के समर्थन में 9 को करेगी विरोध-प्रदर्शन

**बैतूल।** जिले में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर कांग्रेस अब खुलकर मैदान में उतर आई है। जिला संगठन महामंत्री बृजभूषण पांडे ने बताया कि 9 अप्रैल को बैतूल के शिवाजी ऑडिटोरियम में सुबह 11 बजे से किसानों के समर्थन में बड़ा धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।

इस दौरान पीड़ित किसानों के साथ कलेक्टर बैतूल को ज्ञापन सौंपा जाएगा। यह आंदोलन मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर प्रदेशभर में जिला मुख्यालयों पर होने वाले प्रदर्शनों का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि जिले में हाल ही में हुई ओलावृष्टि और अतिवृष्टि से किसान पहले ही प्रभावित हैं, वहीं गेहूं खरीदी की तारीखों को बार-बार बढ़ाए जाने से उनकी परेशानियां और बढ़ गई हैं।

पहले 23 मार्च, फिर 1 अप्रैल, 10 अप्रैल और अब 15 अप्रैल तक तारीख बढने से किसानों में भारी नाराजगी है। खरीदी शुरू नहीं होने से किसान मजबूरी में अपनी उपज मंडियों में 2000 से 2200 रुपये प्रति क्विंटल दाम पर बेचने को विवश हैं, जबकि पड़ोसी राजस्थान में 16 मार्च से उपार्जन शुरू हो चुका है। प्रदेश सरकार के कुप्रबंधन में सहकारी संस्थाओं से ऋण वसूली की अंतिम तिथि 31 मार्च तय होने से 50 प्रतिशत किसान डिफाल्टर हुए।

### एल्डरमेनों का किया स्वागत

## प्रदेशाध्यक्ष के नेतृत्व से संगठन को मिलेगी मजबूती: आनंद



**बैतूल।** मां माचना समिति द्वारा रविवार को नगर पालिका के नवनियुक्त एल्डरमेनों का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर एल्डरमेन नितेश वर्मा, राजू सोनकपुरिया, रश्मी साहू, मन्नी अहलुवालिया, सावन्या शेषकर एवं कैलाश यादव ने मां माचना मंदिर पहुंचकर मचना मैया की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर विकास वार्ड के पार्षद आनंद प्रजापति ने अपने उद्बोधन में कहा कि नगर के विकास और जनसेवा के लिए सभी जनप्रतिनिधियों को मिलकर कार्य करना होगा। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के नेतृत्व में हम सभी को संगठन को मजबूती देना होगा। उन्होंने कहा कि मां माचना का आशीर्वाद लेकर हम सभी शहर के सर्वांगीण विकास, स्वच्छता, पेयजल, सडक़ एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने नव-नियुक्त एल्डरमेनों को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि वे जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए नगर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## सारणी मंडल में भाजपा स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी



भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा मंडल सारनी कार्यालय मे एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं के समर्पण एवं पार्टी की गौरवशाली परंपरा की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठ नेता, जेष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता एवं युवा कार्यकर्ता महिला शक्ति सभी कार्यकर्ता उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ पार्टी कार्यालय में वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में विधिवत पार्टी ध्वज के ध्वजारोहण के साथ हुआ। ध्वजारोहण के पश्चात भाजपा के पितृपुरुषों की छाया प्रति के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ किया गया। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भारत माता एवं पार्टी के संस्थापक महानायकों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान व्यक्त किया। इसके पश्चात मिस्ठान वितरण कर सभी ने स्थापना दिवस की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम में जिला महामंत्री कमलेश सिंह ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना काल से लेकर आज तक के सफर को विस्तार से बताते हुए पार्टी की विचारधारा, सिद्धांतों एवं राष्ट्रहित में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। सारनी मंडल प्रभारी राजेश आहूजा ने संगठन की मजबूती में कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि पार्टी की असली ताकत बूथ स्तर का कार्यकर्ता है, जो निरंतर समाज के बीच रहकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाता है। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने अपने संबोधन में क्षेत्र के विकास कार्यों एवं संगठन के सहयोग से किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठजनों एवं लंबे समय से संगठन की सेवा कर रहे कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया।

### दिव्यांग बच्चों की शिक्षा पर जोर

## रामनगर आंगनवाड़ी में वी रिंग द बेल अभियान हुआ आयोजित



**बैतूल।** रामनगर - 2 स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में 6 अप्रैल को कम्युनिटी बेस पर ह्यवी रिंग द बेलह्न दिव्यांगजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम जन विकास समिति, लिलियन फाउंडेशन एवं सहयोगी संस्था नमन सेवा समिति के संयुक्त प्रयासों से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोडऩा तथा उन्हें अन्य बच्चों की तरह समान शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा और सहभागिता को केंद्र में रखते हुए सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत ह्यसब पढ़े सब बढ़ेह्न अभियान चलाया गया। इसमें उपस्थित अभिभावकों और कार्यकर्ताओं को जागरूक करते हुए बताया गया कि दिव्यांग बच्चों को भी सामान्य बच्चों की तरह शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है और उन्हें उचित वातावरण व सहयोग मिलना आवश्यक है। इसमें 25 दिव्यांग बच्चों सहित 3 अन्य महिलाएं, 7 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं। कुल 38 प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

### सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ आयोजन

## कोठी बाजार मंडल में मनाया भाजपा स्थापना दिवस, लगाया पार्टी का ध्वज



**बैतूल।** भारतीय जनता पार्टी के 6 अप्रैल स्थापना दिवस के अवसर पर कोठी बाजार मंडल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंडल प्रभारी सुधा चंद्र, मंडल अध्यक्ष विक्रम वैद्य, सांसद प्रतिनिधि कैलाश धोटे, नगर पालिका उपाध्यक्ष महेश राठौर और वरिष्ठ कार्यकर्ता बलवीर मालवी की उपस्थिति में भाजपा ध्वज का पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

इसके बाद सभी कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने बूथों और घरों पर पार्टी का ध्वज लगाकर पूरे मंडल में हर्षोल्लास के साथ स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष विक्रम वेद ने स्वागत उद्बोधन देते हुए मंडल पदाधिकारियों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का स्वागत किया तथा स्थापना दिवस के इतिहास पर प्रकाश डाला। मंडल प्रभारी सुधा चंद्रा ने बताया कि 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई थी और आज 47वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि पार्टी वरिष्ठ नेताओं के त्याग, तपस्या और बलिदान से मजबूत बनी है तथा महापुरुषों के आदर्शों का अनुसरण करते हुए संगठन को और सशक्त करना है। उन्होंने भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बताया। कार्यक्रम के समापन पर नगर पालिका उपाध्यक्ष महेश राठौर ने कहा कि मंडल कार्यालय विजय सेवा न्यास में सभी कार्यकर्ता स्थापना दिवस मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं और इस अवसर पर नगरवासियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सांसद प्रतिनिधि ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## हर बूथ पर कांग्रेस संगठन मजबूत करना पहली प्राथमिकता: निलय

### जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने 3 दिनी दौरे में तय किया रोडमैप

**बैतूल।** तीन दिवसीय ब्लॉक दौरे पर निकले कांग्रेस जिलाध्यक्ष निलय विनोद डागा ने गुदगांव और भीमपुर में आयोजित रणनीतिक बैठकों के जरिए साफ संकेत दिया कि आने वाले समय में पार्टी की प्राथमिकता केवल एक है, हर बूथ पर मजबूत संगठन खड़ा करना। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद करते हुए जमीनी हकीकत को समझा और संगठन को धार देने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश भी दिए। गुदगांव और भीमपुर में आयोजित बैठकों में ब्लॉक अध्यक्ष, शहर अध्यक्ष, मंडलम अध्यक्ष और वरिष्ठ नेताओं के साथ विस्तार से चर्चा की गई। निलय विनोद डागा ने पंचायत कमेटी और वार्ड कमेटियों के गठन को जल्द पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि संगठन की असली ताकत गांव और वार्ड स्तर से ही तैयार होती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जब तक बूथ मजबूत नहीं होगा, तब तक बड़े चुनावी लक्ष्य हासिल करना मुश्किल है। निलय डागा ने औपचारिक समीक्षा तक खुद को सीमित नहीं रखा।



#### वरिष्ठों की मौजूदगी से संगठन को बल

इन रणनीतिक बैठकों में भैंसदेही विधानसभा प्रभारी नारायणराव धोटे, संगठन महामंत्री ब्रजभूषण पांडे, भैंसदेही के पूर्व विधायक धरमूसिह सिरसाम, अध्यक्ष नरेश मोहरे, राजकुमार मर्सकोले, गोपाल आजाद, ब्लॉक प्रभारी सुभाष यादव, संतोष बटनु पटेल सहित मंडलम अध्यक्ष और कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। सभी नेताओं ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव रखे और जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने का भरोसा दिलाया।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं ने मानदेय बढ़ाने के लिए उठाई मांग

### केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके को सौंपा ज्ञापन

**बैतूल।** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ ने केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। संघ की जिला अध्यक्ष मीरा खातरकर ने बताया कि ज्ञापन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की समस्याओं और मांगों के संबंध में दिया गया है। इस दौरान भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख विनय डोंगरे और जिलामंत्री पंजाबराव गायकवाड भी उपस्थित रहे।

जिले भर से बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं भी मौके पर मौजूद थीं। ज्ञापन में बताया गया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं वर्ष 1975 से जमीनी स्तर पर कार्य कर रही हैं। उन्होंने मातृ



मृत्यु और शिशु मृत्यु दर नियंत्रण, पल्स पोलियो अभियान, टीबी, निमोनिया, खांसी और कोरोना काल जैसे कठिन समय में भी अपनी और अपने परिवार की चिंता किए बिना सेवाएं दी हैं। एसआईआर, बीएलओ व शासकीय कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाई है।

### मुलताई में ओलावृष्टि वाले ग्रामों में फसल नुकसान का लिया जायजा

## किसानों की हर संभव मदद होगी : संभागायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने सोमवार को जिले के मुलताई क्षेत्र में ओलावृष्टि से प्रभावित ग्रामों का भ्रमण कर गेहूं, गोभी, चना, टमाटर सहित अन्य फसलों में हुई क्षति का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, सीईओ जिला पंचायत अक्षत जैन, एसडीएम राजीव कहार, उप संचालक कृषि आनंद कुमार बड़ोनिया एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

संभागायुक्त श्री तिवारी ने ग्राम सेमझिरा, जमबाड़ी एवं धारणी का दौरा कर खेतों में पहुंचकर फसलों की वास्तविक स्थिति का आंकलन किया। उन्होंने किसानों से आत्मीय संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और नुकसान की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि गठित सर्वे दलों द्वारा सूक्ष्मता से सर्वे कार्य किया जा रहा है, जो शीघ्र पूर्ण होगा। प्रभावित किसानों को राहत राशि प्रदान की जाएगी।



#### आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण

संभागायुक्त श्री तिवारी ने ग्राम सेमझिरा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सुपरवाइजर से बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार वितरण एवं केंद्र संचालन की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को नियमित रूप से पोषण आहार उपलब्ध कराया जाए तथा केंद्र निर्धारित दिवसों पर समय से संचालित हों।

#### लक्ष्य शत-प्रतिशत पूर्ण करें

संभागायुक्त श्री तिवारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुलताई का निरीक्षण कर एचपीवी टीकाकरण की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बालिकाओं एवं अभिभावकों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए।

### व्यापारियों को दुकान विस्तार के लिए जमा करनी होगी राशि

# नप की दुकानों का हो रहा विस्तारीकरण दुकान किराया बढ़ने से बढ़ जाएगी आय

सोहागपुर शहरी क्षेत्र में नगर परिषद द्वारा निकाय की दुकानों के विस्तारीकरण की योजना परिषद की सहमति से अस्तित्व में लाई गई है। जिसमें लगभग 50 दुकानों के विस्तार के प्रस्ताव को अमली जामा पहनाया जा रहा है। इसके लिए दुकानदारों को नियमानुसार अतिरिक्त राशि देनी होगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर नगर परिषद सीएमओ कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार फिलहाल इस योजना के अंतर्गत शहर के मुख्य बाजार स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी कांप्लेक्स में पुरानी तहसील कार्यालय के समीप की दुकानों का विस्तार किया जा रहा है। नगर परिषद सहायक राजस्व निरीक्षक संजय परसाई ने बताया कि कांप्लेक्स तथा पुरानी तहसील कार्यालय के बीच रिक्त स्थान है।

गैलरी नुमा रिक्त स्थान का उपयोग दुकानों के विस्तार के लिए प्रस्ताव व्यापारियों की मांग पर परिषद के समक्ष बैठक में रखा गया था। प्रस्ताव पर स्वीकृति के बाद दुकानों के विस्तार के कार्य को सहमति दी गई है एवं नगर परिषद से अनुमति मिलने के बाद कुछ व्यापारियों ने अपनी दुकानों के विस्तार का कार्य प्रारंभ कर दिया है।



### बढ़ेगा किराया, कराना होगा पंजीयन

सोहागपुर नगर परिषद राजस्व शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार दुकानों के विस्तारीकरण उपरांत सभी दुकानों के किराए में वृद्धि होगी। बढ़े हुए क्षेत्रफल के अनुसार नया किराया निर्धारण होगा। इसके अलावा बढ़े क्षेत्रफल अनुसार दुकानदारों को नए सिरे से विस्तारित दुकान का पंजीयन भी कराना होगा। साथ ही लीज नवीनीकरण की प्रक्रिया का पालन भी सभी दुकानदारों को करना होगा। बताया जाता है कि फिलहाल इस योजना के अंतर्गत श्यामाप्रसाद मुखर्जी कांप्लेक्स में कार्य जारी है। इसके बाद नगर परिषद के पुराने कार्यालय की दुकानों को भी विस्तारीकरण योजना में शामिल किया जाएगा। गांधी मंच के आसपास की दुकानों के विस्तारीकरण की योजना भी नगर परिषद अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के दिमाग में विचार के रूप में कार्य कर रही है।

### ये होंगे नियम

सोहागपुर नगर परिषद सहायक राजस्व निरीक्षक संजय परसाई ने पूछताछ में बताया कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी कांप्लेक्स व पुरानी तहसील कार्यालय के बीच 12 फीट गुणा 5 फीट क्षेत्र में दुकानों के विस्तार का प्रस्ताव स्वीकार किया गया है। इस तरह 60 वर्ग फीट के विस्तार का लाभ कांप्लेक्स की प्रत्येक दुकान के लिए दुकानदार को मिलेगा। दुकान विस्तार के लिए प्रत्येक व्यापारी को 4500 रुपए प्रति वर्ग फीट की दर से नगर परिषद कार्यालय में रकम जमा राशि जमा करनी होगी। नगर परिषद कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार 50% राशि दुकानदार को आवेदन स्वीकृत होते ही जमा करनी होगी। इसके बाद 25% राशि सात दिवस के अंदर एवं बाकी शेष 25% राशि 90 दिनों के अंदर जमा करनी होगी।

### लगभग 50 दुकानदारों को लाभ

सोहागपुर नगर परिषद से प्राप्त जानकारी अनुसार परिषद द्वारा स्वीकृत दुकान विस्तारीकरण के प्रस्ताव के बाद बाजार क्षेत्र में नगर परिषद की लगभग 50 दुकानों के संचालकों को इसका लाभ मिलेगा। सभी दुकानदार अपनी दुकानों के विस्तार का आवेदन प्रति वर्ग फिट क्षेत्रफल अनुसार निकाय कार्यालय में जमा करेंगे। इसके बाद प्रस्तुत आवेदन स्वीकृत होने पर व्यापारी को निर्धारित प्रति वर्ग फुट राशि नगर परिषद कार्यालय में नियमानुसार 50%, फिर 25% और फिर 25% के स्लॉट में जमा करनी होगी। व्यापारी चाहे तो एकमुश्त राशि भी नगर परिषद कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

### रुकेगा अतिक्रमण

सोहागपुर नगर परिषद कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार दुकान विस्तारीकरण की इस योजना का लाभ होगा। शहर के मुख्य बाजार में गलियों एवं रिक्त स्थानों पर कभी टप तो कभी अस्थाई रूप से हाथ ठेले रखकर किये जाने वाले अतिक्रमण पर दुकान विस्तारीकरण योजना क्रियान्वित होने के बाद रोक लगेगी। साथ ही बाजार सौंदर्यीकरण के निकाय के प्रयासों को बल मिलेगा। यद्यपि नागरिकों का कहना है कि शहर में कई स्थानों पर जनप्रतिनिधियों से जुड़े लोगों द्वारा सतत अतिक्रमण किये जा रहे हैं। इन पर अनिवार्य रूप से रोक लगाई जाए।

### इनका कहना है

"नगर परिषद द्वारा दुकान विस्तारीकरण योजना का शहर को लाभ मिलेगा। नप के राजस्व में बढ़ोतरी होगी। व्यापारी आवेदन दे रहे हैं."-

**संजय परसाई, सहायक राजस्व निरीक्षक, नप सोहागपुर।**

### 3 हजार पीएम आवास बनेंगे भौगोलिक संदर्भ

# नपा का 303 करोड़ का बजट : अमृत 2.0 व सीवरेज प्लांट से बदलेगी शहर की सूरत

नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा-जल प्रदाय की व्यवस्था की तैयारी ऐसी कि है कि आगामी कई वर्षों तक दिक्कत नहीं होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगरपालिका परिषद इटारसी ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अपना वार्षिक आय-व्यय पत्रक (बजट) पेश कर दिया है। अध्यक्ष पंकज चौरे के नेतृत्व में तैयार इस बजट में शहर के अधोसंरचनात्मक विकास और स्वच्छता पर सबसे अधिक फोकस किया गया है। परिषद ने इस बार 3 अरब 3 करोड़ 43 लाख 3 हजार 442 रुपये की अनुमानित आय का लक्ष्य रखा है। वहीं, विकास कार्यों और स्थापना पर 3 अरब 3 करोड़ 42 लाख 12 हजार 959 रुपये खर्च किए जाएंगे। यह बजट 90,483 रुपये की शुद्ध बचत वाला लाभ का बजट है। बजट बैठक में सीएमओ रितु मेहरा, समस्त सभापति, पार्षद, नव मनोनीत पार्षद व अधिकारी मौजूद थे।भौगोलिक संदर्भ



### बजट की 5 बड़ी बातें

सीवरेज और स्वच्छता पर 72 करोड़ः शहर को गंदगी से मुक्त करने के लिए एसबीएम 2.0 के तहत लिक्विड वेस्ट और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए 72 करोड़ रुपये का भारी-भरकम प्रावधान है।

पीएम आवास, अमृत और द्वारिका नगरी प्रोजेक्टः अमृत 2.0, द्वारिका नगरी, गीताभवन और पीएम आवास योजना को विकास के नए आयाम के रूप में शामिल किया गया है। तीन हजार पीएम आवास देने का वादा किया गया है।

**वार्डों का कायाकल्पः** सभी वार्डों में सड़क, नाली, पार्क और स्ट्रीट लाइट के लिए पर्याप्त राशि तय की गई है। डामरीकरण और कायाकल्प के लिए 2.25 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

**वैज्ञानिक कचरा निष्पादनः** जिलवानी में वैज्ञानिक लैंडफिल साइट का काम अंतिम चरणों में है, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था आधुनिक होगी। वहीं शालाओं के उन्नयन के लिए 49.50 लाख का प्रावधान है।

### आय-व्यय का पूरा गणित समझें

**कहां से आएगा पैसा? (अनुमानित आय)**

सरकारी अनुदान (चुंगी/वित्त आयोग): करीब 18.45 करोड़ रुपये, संपत्ति एवं जल कर: 10 करोड़ रुपये से अधिक, दुकान/भवन नीलामी: परिषद को संपत्तियों की नीलामी से 18 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है, विशेष निधि (मुख्यमंत्री अधोसंरचना): विभिन्न विकास कार्यों हेतु करोड़ों का अनुदान प्रस्तावित है।

**यहां होगा खर्च (अनुमानित व्यय)**

अधिकारी-कर्मचारियों के वेतन और भत्तों पर 10.09 करोड़ रुपये खर्च होंगे, स्ट्रीट लाइट और बिजली बिलों के भुगतान हेतु 6.48 करोड़ रुपये का प्रावधान है । आधुनिक पार्किंग के लिए 7.20 करोड़ और नए बस स्टैंड के लिए 90 लाख रुपये सुरक्षित हैं। शहर में पिंक जोन (महिला पार्क) के लिए 18 लाख रुपये की राशि तय की गई है।

# भारतीय किसान संघ ने किसानों की समस्याओं को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, की मांग

### किसान बोले-विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करे सरकार, मूंग का जल्द हो पंजीयन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

भारतीय किसान संघ की तहसील इकाई ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। किसान संघ ने शासन से मांग की है कि समर्थन मूल्य पर शीघ्र खरीदी की जावे एवं प्रति एकड़ 20 कुंटल खरीदी की जावे। समर्थन मूल्य खरीदी में फ्लेट कांटों से तुलाई अनिवार्य की जावे। नरवाई प्रबंधन के जब तक पर्याप्त मात्रा में संसाधन शासन प्रशासन द्वारा उपलब्ध नहीं कराए जावे तब तक किसानों के ऊपर एफ आर आई दर्ज करवाना व्यावहारिक नहीं है इसलिए किसानों के ऊपर किसी भी प्रकार का केस न बनाया जावे। सहकारी समिति यो के ऋण अदायगी की तारीख 15 मई की जावे जिससे किसानों को 0% ब्याज दर का लाभ मिल सकेगा। ग्रीष्मकालीन मूंग हेतु पंजीयन किसानों के करायें जावे। तहसील में सभी विधुत सब स्टेशनों के क्षेत्र में जले हुए ट्रांसफार्मर को तय समय सीमा में बदला जावे एवं किसानों को मूंग फसल हेतु 12 घंटे निरंतर विद्युत प्रदाय की जावे।



ज्ञापन देते समय जिला अध्यक्ष ओंमकार सिंह राजपूत तहसील अध्यक्ष, राजेश दीवान, तहसील मंत्री, गोपाल मीणा, दामोदर पटेल, गोविंद सीठा, शिवम मीणा, केवल मीना, भागीरथ मीणा, डालचंद भारती, हनु सीठा आदि उपस्थित रहे।

# कविता के स्वरों से गूंज उठा बागरा तवा स्टेशन, कर्मचारी रहे उपस्थित

### राष्ट्रकवि का किया पुण्य स्मरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

राष्ट्रकवि पं. माखनलाल चतुर्वेदी की जयंती पर पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर मंडल द्वारा बागरा तवा रेलवे स्टेशन पर आयोजित काव्य गोष्ठी में साहित्य का अनुपम संगम देखने को मिला।

काव्य गोष्ठी में गौरव वरखने,डॉ अमजद रोशन खान, अमित गोलछा, मनोज साहू 'निडर', डॉ अशोक कुमार यादव एवं ब्रजेश त्रिवेदी ने अपनी ओजपूर्ण व भावपूर्ण प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। कविताओं ने देशभक्ति, संवेदना और समाज के विविध रंगों को जीवंत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर सभी साहित्यकारों ने राष्ट्रकवि को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके साहित्यिक योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम राजभाषा विभाग, जबलपुर मंडल के सफल संचालन में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संदीप शर्मा राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य अतिथि के रूप में वीकेश सिंह राजपूत प्रभारी प्राचार्य पीएम बागरा तवा रहे। मंच संचालन किशोर कुमार साहू तथा आभार संदीप शर्मा द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में ग्राम के गणमान्य नागरिक, पीएम बागरा तवा स्कूल स्टॉफ एवं रेलवे विभाग कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मात्र औपचारिकता बनकर रह गया पुस्तक मेला, नहीं पहुंचे पुस्तक विक्रेता और डीलर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

मध्य प्रदेश शासन के शिक्षा विभाग में लगातार भ्रष्टाचार बढ़ता जा रहा है। यहां तक कि पुरानी शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है।जो लगातार चर्चा का विषय बनी हुई है। विधानसभा क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारी वर्ग ने पुस्तक मेला का आयोजन किया। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य अरविंद रघुवंशी ने भी सूचना नही लेकिन मीडिया के लोगों को खबर दी ही नहीं। विकास खण्ड स्तरीय आयोजन किया गया। लेकिन उसके बाद भी कुल 2 दुकान ही लगाई गई थी। बाकी सभी डीलर नदारद रहे। अप्रैल माह में विद्यार्थियों को सिर्फ पुस्तक सहित अन्य सामग्री खरीदी के लिए ही विद्यालय खोले गए हैं। जिसमें की दुकान दार से लेकर सभी सक्षम अधिकारियों को भी सहयोग मिल सके। तभी तो बड़े बड़े पुस्तक कापी बैग डायरी सहित अन्य सभी पाठ्यक्रम की दुकानों पर मेला लगता है। सिर्फ गिनिचुनी दुकानदारों पर ही निश्चित विद्यालय की सामग्री मिलती है। अनेकानेक अनमितताए प्रतीत होती है।पर सैकड़ों शिकायत के बाद आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। अब सरकार ने अधिकारी वर्ग के माध्यम से दिखावा के लिए विकास खण्ड स्तरीय मेला का 4 दिवसीय आयोजित किया गया है।

लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। लगातार अपने रेट पर ही पुअनुवस्तक बैंची जा रहीं हैं।




इस विषय में कक्षा 1 से 8 तक भी आर सी प्रदीप शर्मा विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री लाल रघुवंशी कक्षा 8से 12तक के लिए सक्षम है। लेकिन फिर भी कोई पुख्ता कार्यवाही नहीं हुई है। पुस्तकें भी पर्याप्त मात्रा में नहीं है। इस संबंध में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री लाल रघुवंशी ने बताया कि जो डीलर नदारद रहे हैं उनके लिए नोटिस जारी किए गए हैं। कार्यवाही की जावेगी। वी आर सी प्रदीप शर्मा ने बताया कि कक्षा 1से 8तक कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शिकायत प्राप्त हुई तो सख्त कार्रवाई होगी।

वहीं कार्यक्रम का शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी विधायक ठाकुरदास नागवंशी जनपद पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल सहित अन्य मौजूद रहे।

# बागरा तवा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन स्टॉपेज को लेकर कांग्रेसियों ने डीआरएम से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित बागरा तवा रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग को लेकर कांग्रेस का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। इसी कड़ी में आज किसान नेता एवं हर वर्ग की आवाज़, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष पुष्पराज पटेल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जबलपुर पहुंचकर डीआरएम आलोक तनेजा से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने बागरा तवा स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के अभाव और ट्रेनों के ठहराव न होने से क्षेत्रीय जनता को हो रही



कठिनाइयों को विस्तार से रखा। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र के हजारों यात्रियों, किसानों, विद्यार्थियों एवं व्यापारियों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण बागरा तवा में प्रमुख ट्रेनों का स्टॉपेज अत्यंत आवश्यक हो गया है। मुलाकात के दौरान डीआरएम श्री तनेजा ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि इस संबंध में रेलवे स्तर पर आवश्यक परीक्षण एवं प्रक्रिया पूरी कर शीघ्र ही उचित कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बागरा तवा स्टेशन पर उपयुक्त ट्रेनों के स्टॉपेज पर सकारात्मक विचार किया जाएगा।

प्रतिनिधि मंडल ने सोहागपुर रेलवे प्लेटफार्म की ऊंचाई बढ़ाने की मांग भी की है प्रतिनिधिमंडल में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संतोष मालवीय ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष माखन नगर हेमंत यादव जबलपुर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा , कांग्रेस नेता वंटी गुप्ता नगर कांग्रेस अध्यक्ष रत्नेश बड़गुजर , नरेंद्र मालवीय नीरज चौधरी , अरुण तिवारी , अंकुर सिंघई , सुमित जायसवाल , मिलन दुबे सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे। विदित हो कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व में माखन नगर से बागरा तवा रेलवे स्टेशन तक लगभग 11 किलोमीटर की पदयात्रा निकालकर ज्ञापन सौंपा गया था, जिससे इस मांग को जनआंदोलन का स्वरूप मिला है।

# निःशुल्क परीक्षण शिविर संपन्न 20 का होगा नेत्र ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

जिला अंधत्व निवारण समिति के प्रयासों से सोहागपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 20 मरीजों को निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया है।

जानकारी अनुसार यह शिविर चिरायु मेडिकल कॉलेज भोपाल एवं हॉस्पिटल एवं जिला अंधत्व निवारण समिति नर्मदापुरम् द्वारा किया गया। शिविर में चिरायु हॉस्पिटल भोपाल के नेत्र रोग चिकित्सकों एवं उनकी टीम द्वारा 76 पंजीकृत मरीजों की जांच की गई। जिसमें से 20 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिये चयनित कर भर्ती किया गया। इन चयनित मरीजों को अब बस से चिरायु हॉस्पिटल भोपाल में ले जाया जाऐगा। जहां मरीजों के निःशुल्क ऑपरेशन किये जाऐंगे। निःशुल्क ऑपरेशन उपरांत सभी मरीजों को वापस सोहागपुर पहुंचाया जाएगा। बाद में मरीजों के फॉलोअप भी किये जाऐंगे।



### इनकी रही भूमिका

सोमवार का नेत्र परीक्षण शिविर सोहागपुर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रेखा सिंह गौर के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर की सफलता में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ नेत्र सहायक अशोक कुमार शाक्य एवं स्थानीय स्टाफ की भूमिका सराहनीय रही।


**कार्यालय नगर पालिका पिपरिया, जिला - नर्मदापुरम् (म.प्र.)**
**Municipal Council Pipariya Distt.- Narmadapuram**

पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के बाजू में, तिलक वार्ड, पिपरिया पिन-461775, फोन नं. 07676-222041
E-mail - cmopipariya@mpurban.gov.in

क्रमांक/न.पा./राजस्व/2026/11 पिपरिया, दिनांक :- 02/04/2026

// ई-निविदा आमंत्रण सूचना चतुर्थ //

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं व्यवसायियों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका स्वामित्व के मंडी रोड सरदार वार्ड की ओर खसरा नं. 380/2 की भूमि पर स्थित प्लाटों की नीलामी के लिये निम्नानुसार ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है, विवरण तालिका में वर्णित है।

| क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | आरक्षण वर्ग | जा. राशि | धरोहर राशि | निविदा फार्म शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_497084_1 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा नं 380/2 की भूमि ब्लॉक डी में स्थित प्लाट नंबर 10 | अनुसूचित जाति | 21.20 Lakh | 16000/- | 5000/- + GST |
| 2 | 2026_UAD_497084_2 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा नं 380/2 की भूमि ब्लॉक डी में स्थित प्लाट नंबर 11 | अनुसूचित जाति | 19.50 Lakh | 15000/- | 2000/- + GST |
| 3 | 2026_UAD_497084_3 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा नं 380/2 की भूमि ब्लॉक डी में स्थित प्लाट नंबर 23 | महिला | 17.00 Lakh | 13000/- | 2000/- + GST |
| 4 | 2026_UAD_497084_4 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा नं 380/2 की भूमि ब्लॉक डी में स्थित प्लाट नंबर 24 | अनुसूचित जाति | 17.00 Lakh | 13000/- | 2000/- + GST |
| 5 | 2026_UAD_497084_5 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा नं 380/2 की भूमि ब्लॉक डी में स्थित प्लाट नंबर 36 | अनारक्षित | 18.00 Lakh | 13500/- | 2000/- + GST |
| 6 | 2026_UAD_497084_6 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा नं 380/2 की भूमि ब्लॉक डी में स्थित प्लाट नंबर 37 | अनारक्षित | 19.00 Lakh | 14500/- | 2000/- + GST |
| 7 | 2026_UAD_497084_7 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा नं 380/2 की भूमि ब्लॉक डी में स्थित प्लाट नंबर 38 | अनारक्षित | 20.00 Lakh | 15000/- | 2000/- + GST |
| 8 | 2026_UAD_497084_8 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा नं 380/2 की भूमि ब्लॉक डी में स्थित प्लाट नंबर 39 | अनुसूचित जाति | 20.50 Lakh | 15500/- | 5000/- + GST |
| 9 | 2026_UAD_497084_9 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा नं 380/2 की भूमि ब्लॉक डी में स्थित प्लाट नंबर 40 | अनुसूचित जाति | 37.50 Lakh | 28500/- | 5000/- + GST |

**समय तालिका**

| क्र. | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | टेंडर फार्म लेने की तिथि | 06.04. 2026 10:30 AM |
| 2 | टेंडर फार्म लेने एवं दर लिये जाने की अंतिम तिथि | 21.04.2026 17:30 PM |
| 3 | प्रपत्र इत्यादि का लिफाफा ए खोलने की तिथि | 23.04.2026 10:30 AM |
| 4 | निविदा दर खोले जाने की तिथि | Will be provided later |

नोट : 1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
2 प्रिमियम राशि एवं विकास शुल्क की संयुक्त गणना उपरात ही उच्चतम राशि पर दुकान आवंटित की जावेगी।
3. विकास शुल्क की जानकारी नगर पालिका परिषद पिपरिया के राजस्व शाखा से लेवें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद पिपरिया



**कार्यालय नगर पालिका पिपरिया, जिला - नर्मदापुरम् (म.प्र.)**
**Municipal Council Pipariya Distt.- Narmadapuram**

पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के बाजू में, तिलक वार्ड, पिपरिया पिन-461775, फोन नं. 07676-222041
E-mail - cmopipariya@mpurban.gov.in

क्रमांक/न.पा./राजस्व/2026/12 पिपरिया, दिनांक :- 02/04/2026

// ई-निविदा आमंत्रण सूचना चतुर्थ //

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं व्यवसायियों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका स्वामित्व के मंडी रोड सरदार वार्ड की ओर खसरा नं. 380/2 की भूमि पर स्थित प्लाटों की नीलामी के लिये निम्नानुसार ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है, विवरण तालिका में वर्णित है।

| क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | आरक्षण वर्ग | जा. राशि | धरोहर राशि | निविदा फार्म शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_497204_1 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा नं 380/2 की भूमि ब्लॉक ए में प्लाट नंबर 28 | अनारक्षित | 16.50 Lakh | 13000/- | 3000/- + GST |
| 2 | 2026_UAD_497204_2 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा नं 380/2 की भूमि ब्लॉक बी में स्थित प्लाट नंबर 4 | विकलांग | 12.00 Lakh | 12000/- | 2000/- + GST |
| 3 | 2026_UAD_497204_3 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा नं 380/2 की भूमि ब्लॉक बी में स्थित प्लाट नंबर 6 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 14.00 Lakh | 10500/- | 2000/- + GST |
| 4 | 2026_UAD_497204_4 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा नं 380/2 की भूमि ब्लॉक बी में स्थित प्लाट नंबर 16 | अनारक्षित | 17.50 Lakh | 13500/- | 2000/- + GST |
| 5 | 2026_UAD_497204_5 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा नं 380/2 की भूमि ब्लॉक बी में स्थित प्लाट नंबर 17 | अनारक्षित | 17.50 Lakh | 13500/- | 2000/- + GST |
| 6 | 2026_UAD_497204_6 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा नं 380/2 की भूमि ब्लॉक बी में स्थित प्लाट नंबर 18 | अनारक्षित | 17.50 Lakh | 13500/- | 2000/- + GST |
| 7 | 2026_UAD_497204_7 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा नं 380/2 की भूमि ब्लॉक बी में स्थित प्लाट नंबर 29 | अनारक्षित | 16.50 Lakh | 12500/- | 2000/- + GST |
| 8 | 2026_UAD_497204_8 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा नं 380/2 की भूमि ब्लॉक बी में स्थित प्लाट नंबर 30 | अनारक्षित | 17.00 Lakh | 13000/- | 2000/- + GST |
| 9 | 2026_UAD_497204_9 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा नं 380/2 की भूमि ब्लॉक बी में स्थित प्लाट नंबर 31 | अनारक्षित | 17.00 Lakh | 13000/- | 2000/- + GST |
| 10 | 2026_UAD_497204_10 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा नं 380/2 की भूमि ब्लॉक सी में स्थित प्लाट नंबर 7 | विधवा महिला | 15.50 Lakh | 12000/- | 2000/- + GST |
| 11 | 2026_UAD_497204_11 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा नं 380/2 की भूमि ब्लॉक सी में स्थित प्लाट नंबर 8 | अनुसूचित जन जाति | 16.50 Lakh | 12500/- | 2000/- + GST |
| 12 | 2026_UAD_497204_12 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा नं 380/2 की भूमि ब्लॉक सी में स्थित प्लाट नंबर 9 | विधवा महिला | 17.50 Lakh | 13500/- | 2000/- + GST |
| 13 | 2026_UAD_497204_13 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा नं 380/2 की भूमि ब्लॉक सी में स्थित प्लाट नंबर 19 | अनारक्षित | 17.50 Lakh | 13500/- | 2000/- + GST |
| 14 | 2026_UAD_497204_14 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा नं 380/2 की भूमि ब्लॉक सी में स्थित प्लाट नंबर 20 | अनारक्षित | 17.50 Lakh | 13500/- | 2000/- + GST |
| 15 | 2026_UAD_497204_15 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा नं 380/2 की भूमि ब्लॉक सी में स्थित प्लाट नंबर 21 | अनारक्षित | 17.50 Lakh | 13500/- | 2000/- + GST |
| 16 | 2026_UAD_497204_16 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा नं 380/2 की भूमि ब्लॉक सी में स्थित प्लाट नंबर 32 | अनारक्षित | 17.00 Lakh | 13000/- | 2000/- + GST |
| 17 | 2026_UAD_497204_17 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा नं 380/2 की भूमि ब्लॉक सी में स्थित प्लाट नंबर 33 | अनारक्षित | 17.10 Lakh | 13000/- | 2000/- + GST |

**समय तालिका**

| क्र. | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | टेंडर फार्म लेने की तिथि | 06.04. 2026 10:30 AM |
| 2 | टेंडर फार्म लेने एवं दर लिये जाने की अंतिम तिथि | 21.04.2026 17:30 PM |
| 3 | प्रपत्र इत्यादि का लिफाफा ए खोलने की तिथि | 23.04.2026 10:30 AM |
| 4 | निविदा दर खोले जाने की तिथि | Will be provided later |

नोट : 1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
2 प्रिमियम राशि एवं विकास शुल्क की संयुक्त गणना उपरात ही उच्चतम राशि पर दुकान आवंटित की जावेगी।
3. विकास शुल्क की जानकारी नगर पालिका परिषद पिपरिया के राजस्व शाखा से लेवें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद पिपरिया

## खबर संक्षेप

### नहर संचालन का ओसरा बंदी कार्यक्रम जारी

**हरदा।** कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग सोनम वाजपेयी ने मूंग सिंचाई के लिये पानी की पर्याप्त उपलब्धता हेतु आज 7 अप्रैल से 36 घंटे की ओसरा बंदी कार्यक्रम जारी किया है। जारी कार्यक्रम अनुसार 7 अप्रैल को रात्रि 8 बजे से 9 अप्रैल गुरूवार को सुबह 8 बजे तक रहटाखुर्द, दिनकरपुरा व बूंदड़ा उपशाखा नहरें बंद रहेंगी। इसी प्रकार 9 अप्रैल को सुबह 8 बजे से 10 अप्रैल शुक्रवार रात्रि 8 बजे तक छिदगांव, कनगांव, भीलगांव व कुकरावद उपशाखा बंद रहेंगी। इसके अलावा 10 अप्रैल को रात्रि 8 बजे से 12 अप्रैल को सुबह 8 बजे तक आलमपुर व सामरधा उपशाखा तथा 12 अप्रैल को सुबह 8 बजे से 13 अप्रैल को रात्रि 8 बजे तक खिड़की व सौंताड़ा उपशाखा बंद रहेगी। वाजपेयी ने बताया कि बिना अनुमति एवं अग्रिम राशि जमा किये बगैर सिंचाई पंप नहीं चलाए जा सकेंगे। ट्रेक्टर चलित एवं 10 एच.पी. से अधिक क्षमता के पंप नहीं चलेंगे। डिफाल्टर किसानों के द्वारा सिंचाई राजस्व राशि जमा न करने की स्थिति में सायफन व पंप बंद करने की कार्यवाही की जाएगी। पानी की आवक एवं आवश्यकता को देखते हुए बड़ी उपशाखाओं में ओसरा बंदी कार्यक्रम में बदलाव कार्यपालन यंत्री द्वारा किया जा सकेगा।

### द्वितीय नेशनल लोक अदालत 9 मई को

**हरदा।** जिले में लंबित प्रकरणों तथा प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किये जाने हेतु 9 मई, 2026 को वर्ष की द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, हरदा तथा तहसील न्यायालय, टिमरनी और खिरकिया में किया जावेगा। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा, चंद्रशेखर राठौर ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य सिविल और आपराधिक शमनीय प्रकरण, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले, एमएसीटी प्रकरण (मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा), वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण, विद्युत बिल, जलकर, सम्पत्तिकर बिल संबंधी प्रकरण (चोरी के मामलों को छोड़कर), सेवा मामलें, जो सेवा निवृत्ति लाभों से संबंधित है, राजस्व तथा अन्य सभी प्रकार के राजीनामा योग्य, प्री-लिटिगेशन (मुकदमा पूर्व) प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। उन्होंने आमजन से नेशनल लोक अदालत में दी जाने वाली छूट का लाभ प्राप्त कर राजीनामा योग्य प्रकरण का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से करने की अपील की।

### भक्तिमय हुआ शहरः निकाली हनुमान झंडा यात्रा

**सीहोर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हनुमान जी की विशाल झंडा यात्रा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। आपको बता दे झंडा यात्रा को लेकर पूर्व में बैठक आयोजित की गई थी एवं तैयारी चल रही थी बैठक में सर्व सहमति से झंडा यात्रा का अध्यक्ष सुनील राय को नियुक्त किया गया था। सुनील राय ने बताया किबताते हुए हर्ष हो रहा है कि इस वर्ष भी भव्य, दिव्य, और अलौकिक विशाल हनुमान झंडा यात्रा सफल रही है।

---

### कृषि उपज मंडी से रैली निकालकर कलेक्टर पहुंचे और ज्ञापन दिया

# विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ ने धरना प्रदर्शन किया






हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

भारतीय किसान संघ ने सोमवार को कृषि उपज मंडी में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद किसानों ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय तक रैली निकाली और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

एसडीएम अशोक कुमार डेहरिया को भी एक ज्ञापन सौंपा गया। भारतीय किसान संघ के जिला प्रवक्ता राजनारायण गौर ने बताया कि सरकार को जल्द से जल्द समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी शुरू करनी चाहिए और खरीदी केंद्रों पर पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने जिले के किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए ग्रीष्मकालीन मूंग की समर्थन मूल्य पर खरीदी का पंजीयन तुरंत शुरू करने की भी मांग की। किसानों ने ज्ञापन में बताया कि गेहूं खरीदी की तारीखें बार-बार बढ़ाने से उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है। इसके अतिरिक्त, सरकारी बैंकों द्वारा ऋण की ड्यू डेट नहीं बढ़ाने के कारण किसानों पर ब्याज और जुर्माने का बोझ बढ़ गया है, जिससे जिले के कई किसान डिफाल्टर हो गए हैं। किसानों ने खेतों में नरवाई जलाने पर दर्ज की जा रही एफआईआर और प्रशासन की अन्य कार्रवाई को अनुचित बताया। उनका तर्क है कि जब तक सरकार पराली प्रबंधन के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं करती, तब तक किसानों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी उचित मात्रा में की जाए और बारदाने की कमी का बहाना बनाकर खरीदी कम न की जाए। उन्होंने सभी खरीद केंद्रों पर बड़े तौल कांटे से तुलाई अनिवार्य करने की बात कही। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो प्रदेशभर में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष महेश शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

#### यह हैं 11 सूत्रीय मांगे

समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी शीघ्र और 20 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से की जाए। गेहू खरीदी की तारीख बार-बार बढ़ाने से किसानों में रोष व्याप्त है।

सहकारी संस्था द्वारा ऋण जमा करने की अवधि 28 मार्च से बढ़ाकर 15 मई की जाए ओर अवधि खत्म हो जाने के कारण लगने वाले व्याज ओर दंड की राशि माफ की जाए।

गेहूं की नरवाई जलाने पर किसानों पर ऋकफ करना बहुत ही गलत है। हम देश के जवाबदार संगठन होने के नाते सरकार को यह चेतावनी देते हैं कि जब तक नरवाई के निष्पादन के लिए कोई स्थायी हल नहीं निकले तब तक कोई कार्रवाई नहीं की जाए। किसानों पर की गई ऋकफ निरस्त की जाए।

जिले की मोरण्ड - गंजाल सिंचाई परियोजना एवं शहीद ईलाप सिंह सिंचाई परियोजना का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए।

ग्रीष्मकालीन मूंग का पंजीयन 15 क्विंटल प्रति हेक्टयर खरीदी के हिसाब से शीघ्र प्रारम्भ किया जाए।

हरदा जिले को ग्रीष्मकालीन मूंग फसल के लिए डिजाईन डिस्चार्ज का पानी रेगुलर उपलब्ध कराया जाए एवं हरदा जिले के मुख्य जल वितरण बिन्दु 3008 पर उउळश कैमरे लगवाए जाएं, ताकि हरदा जिले को उसके अधिकार का पानी रेगुलर मिल सके।

मक्का की खरीदी समर्थन मूल्य पर या भावांतर के माध्यम से की जाए ताकि किसान को अपनी उपज का सही मूल्य मिल सके।

सभी सरकारी खरीदी मे किसानों की उपज को बड़े तोल कांटे (फ्लेट कांटे) से अनिवार्य रूप से तुलाई की जाए।

जले हुए ट्रांसफॉर्मर 3 दिन में बदले जाए इसके लिए हरदा सर्कल में ट्रांसफॉर्मर बैंक बनाई जाए। जिसमे कम से कम 20 ट्रांसफॉर्मर हमेशा रखे रहें।

किसानों को सिचाई के लिए तय 10 घन्टे गुणवत्तापूर्ण बिजली दी जाए और सप्लाई के समय मेंटेनेस के नाम से कटौती नहीं की जाए।

खरीफ की फसल का 2025 का बीमा किसानों को शीघ्र दिया जाए और जिन किसानों के खाते में किसी भी कारण से मुआवजा राशि नहीं डल पाई है उसे प्राथमिकता से डाला जाए।

---

### जयस पदाधिकारियों का दौरा

## ग्रामीणों ने बताया कि गांव में नहीं है मूलभूत सुविधाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

सोमवार को टिमरनी तहसील के ग्राम महागांव का दौरा जयस के पदाधिकारियों ने किया । इस दौरान ग्रामीणों ने उन्हें मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जुड़ी अपनी समस्याएं बताईं। ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में आज भी लोग बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब गांवों में विकास नहीं पहुंचा, तो देश 'विश्व गुरु' कैसे बनेगा। ग्रामीणों द्वारा बताई गई प्रमुख समस्याओं में शासकीय प्राथमिक विद्यालय में शौचालय और पानी की व्यवस्था का न होना शामिल है। इसके अलावा, स्कूल में बाउंड्री वॉल का भी अभाव है। पीएचई विभाग का कार्य अधूरा पड़ा है और गांव की चौपाल में छत नहीं है, जिसकी मरम्मत की आवश्यकता है। श्मशान घाट पर भी पानी की व्यवस्था नहीं है। राजाबरारी-महागांव सड़क (प्रधानमंत्री सड़क योजना) का कार्य 2015 से लंबित है। ग्रामीणों ने आधार अपडेट और समग्र आईडी जैसे कार्यों के लिए सहायक सचिव की मांग की है। गांव में 400 मीटर आंतरिक सड़क की भी आवश्यकता है। बिजली व्यवस्था अनियमित है और हर घर में मीटर लगाने की मांग की गई है। ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं का विस्तार से वर्णन करते हुए प्रशासन से इनके शीघ्र समाधान की मांग की है। उनका कहना था कि विकास सिर्फ कागजों में नहीं, बल्कि जमीन पर भी दिखना चाहिए। इस अवसर पर गांव के सभी लोग मौजूद रहे

### आईटीआई में रोजगार मेला युवा संगम 9 को

**हरदा।** निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये शासकीय आईटीआई हरदा में एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले युवा संगमह का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया कि यह मेला 9 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से आयोजित होगा। मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र में बेरोजगार युवक युवतियों की भर्ती की जायेगी। इस रोजगार मेले में 5 वी, 8वी, 10वी, 12वी, आईटीआई डिप्लोमा, स्नातक व स्नातकोत्तर उत्तीर्ण 18 से 35 वर्ष तक की आयु के युवा भाग ले सकते है।

---

## नलकूप खनन पर प्रतिबंध के बावजूद अवैध बोरिंग करने पर मशीन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन द्वारा नलकूप खनन पर प्रतिबंध के बावजूद अवैध बोरिंग जारी है। रविवार रात टिमरनी थाना क्षेत्र की करताना चौकी पुलिस ने ग्राम काथड़ी में एक खेत से अवैध बोरिंग मशीन जब्त की है। चौकी प्रभारी प्रकाश सिंह सोलंकी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर यह कार्रवाई की गई। ग्राम काथड़ी में किसी राजपूत के खेत पर गुल्लास निवासी अमन जाट की बोरिंग मशीन बिना अनुमति के काम कर रही थी। पुलिस ने मशीन जब्त कर चौकी में खड़ा किया है। अमन जाट के खिलाफ कलेक्टर के आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगामी ग्रीष्मकाल में भू-जल स्तर में संभावित गिरावट को देखते हुए कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने 1 अप्रैल से 31 जुलाई तक पूरे जिले में नलकूप खनन पर प्रतिबंध लगाया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खंड हरदा के कार्यपालन यंत्री के अनुसार, पिछले वर्ष की तुलना में वर्तमान भू-जल स्तर 39.8 मीटर है। अत्यधिक गर्मी और तापमान वृद्धि के कारण इसमें और गिरावट की आशंका है। पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने और जल स्त्रोतों को बचाने के लिए यह कदम आवश्यक माना गया है। कलेक्टर जैन ने मध्य प्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 और (संशोधित) अधिनियम 2022 की धारा 3 के तहत हरदा जिले को जल अभावग्रस्त घोषित किया है।

## जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



स्कूल शिक्षा विभाग की 12वीं स्कूल स्टेट एजुकेशन डिपार्टमेंट स्पोर्ट्स की जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन नेहरू स्टेडियम हरदा में किया गया। जिसमें हरदा खिरकिया एवं टिमरनी की टीमों ने भाग लिया पहला मैच टिमरनी ब्लॉक व हरदा ब्लॉक के बीच खेला गया। जिसमें टिमरनी ब्लॉक में टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। जिसमें सर्वाधिक 11 रन राकेश मंडलेकर एवं 9 रन गौरव राय ने बनाए इस प्रकार कुल 57 रन का स्कोर 10 ओवर में दिया हरदा ब्लॉक ने लक्ष्य का पीछा करते हुए कड़े संघर्ष में 9.4 ओवर में चार विकेट से मैच जीता। जिसमें मकसूद खान ने 28 रन बनाएं दूसरा मैच हरदा एवं खिरकिया के बीच खेला गया जिसमें हरदा ब्लॉक ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 72 रन बनाए। जिसमें सुनील उइके ने 18 एवं बसंत वैष्णव ने 17 रन बनाए खिरकिया ब्लॉक की ओर से सुनील उइके ने 20 रन एवं दीपक भाभर ने 24 रन बनाए। साथ ही दीपक ने तीन विकेट भी लिए और खिरकिया क्रिकेट टीम सात विकेट से बिजयी रही। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी डीएस रघुवंशी एवं डीपीसी बलवंत पटेल जिला क्रीड़ा अधिकारी रामनिवास जाट ने दोनों टीमों से परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर पीएम श्री महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी राहुल सराठे एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग हरदा की समन्वयक सलमा खान राजेश बिलिया व नीरेंद्र सेवारिक गजराज सिंह पुरुषोत्तम राठौर भी उपस्थित थे

---

## मजदूरों ने कहा यह हमारी मां के समान है सीवन दिल से काम करेंगे

**सीहोर।** हनुमान फाटक धाम स्थित सीवन नदी में इस समय बहुत ही जोरदार तरीके से जलकुंभी निकालो अभियान के तहत जलकुंभी मजदूरों एवं सीवन पुत्र टीम द्वारा निकलवाई जा रही है। जैसे ही शुरू जलकुंभी अभियान हुआ मजदूर भाई पूरे उत्साह के साथ सीवन नदी में उतरे और देखते ही देखते मात्र कुछ ही क्षणों में दो ट्राली के लगभग जलकुंभी निकाली।



जलकुंभी किस प्रकार से निकले इसकी भी सलाह अनुभवी राजकुमार सोनी भूरा भैया का विशेष योगदान रहा उन्होंने मजदूरों को मार्गदर्शन दिया। लगभग 7 से 8 ट्रॉली जलकुंभी को सीवन नदी से बाहर निकल गया, जब सीवन पुत्र प्रदीप चावड़ा ने मजदूरों से सीवन में दिए जा रहा है योगदान के बारे में पूछा तो उन्होंने जवाब दिया कि जिस तरह मां की सेवा हम करते हैं उसी तरह का अनुभव हमें हो रहा है और हम दिल से यह काम करेंगे यह बातें सुनकर हमारा मनोबल भी बहुत ज्यादा बढ़ गया। इस अवसर पर जीवन पुत्र मुकेश राय सुबह से लेकर शाम इस अभियान में लगे रहे और साथ में प्रकाश यादव, कैलाश चव्हाण ,राजकुमार सोनी भूरा भैया का विशेष योगदान रहा। मजदूरों का जो सम्मान किया गया उसके लिए मुख्य अतिथि के रूप में अतिथि डॉ. प्रदीप सिंह चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे उन्होंने सीवन को लेकर प्रकाश डाला और सीवन पुत्र-पुत्री अभियान की प्रशंसा की,सभी मजदूर भाइयों का फूलों की मालाओं तथा श्री राम जी के दुपट्टों से सम्मान किया गया।

## 26 से भव्य पंच कुण्डात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ

### 25 को निकाली जाएगी कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर कोलीपुरा में 26 अप्रैल से पंच कुण्डात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इसकी शुरूआत 25 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा से आयोजित की जाएगी।

प्राचीन मंदिर में श्री-श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री महंत रामभूषण दास महाराज के मार्गदर्शन में संत श्री माधव दास महाराज यज्ञ व्यवस्थापक, महंत श्री राघव दास महाराज, आशीर्वाददाता एवं प्रेरणा स्त्रोत पंडित पूनम चंद्र व्यास आदि के द्वारा यज्ञाचार्य पंडित कुणाल व्यास के द्वारा पांच दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। मंदिर परिसर में महायज्ञ के लिए भव्य यज्ञशाला का निर्माण कार्य किया जा रहा है। गत दिनों यज्ञशाला का भूमि पूजन के अलावा ध्वजारोहण विधि-विधान से किया गया था। इस संबंध में जानकारी देते हुए संत श्री माधव दास महाराज यज्ञ व्यवस्थापक ने बताया कि आगामी 26 अप्रैल से आरंभ होने वाले पंच कुण्डात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की संपूर्ण तैयारियां चल रही है। 25 अप्रैल को पूजन, कलश यात्रा दोपहर तीन बजे आरंभ की जाएगी। इसके अलावा 26 अप्रैल को पंचांग पूजन सुबह आठ बजे मंडप प्रवेश आदि का आयोजन किया जाएगा। 30 अप्रैल को दोपहर बारह बजे आहुति के पश्चात भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से महायज्ञ में शामिल होने की अपील की।

---

### राष्ट्रहित जनसेवा, सबका साथ सबका विकास भाजपा के लिए सर्वोपरिः विधायक सुदेश राय

# 15 पंचायतों को फाइटर टैंकर,38 लाख से अधिक खर्च, पेयजल और आग बुझाने के लिए वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

विधायक सुदेश राय ने रविवार को अपने कार्यालय में 15 ग्राम पंचायतों को फाइटर टैंकर वितरित किए। ये टैंकर जनता को पीने का पानी उपलब्ध कराने और आग बुझाने के काम आएंगे। वितरण भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में किया गया।



विधायक सुदेश राय ने फाइटर टैंकर की मोटर चलाकर पानी का दबाव देखा और उनका शुभारंभ किया। इन पेयजल फाइटर टैंकरों को विधायक विकास निधि से स्वीकृत किया गया था। टैंकर प्राप्त करने के लिए ग्राम पंचायतों के पंच, सरपंच, सचिव और ग्रामीणजन कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सरपंचों ने विधायक सुदेश राय का फूल-मालाओं से स्वागत कर आभार व्यक्त किया। ये फाइटर टैंकर जनपद पंचायत सीहोर अंतर्गत चांदबड़ जागीर, छतरपुरा, पीलूखेड़ी, घाटपलासी, कचनारिया, मानपुरा, मगरदा, सुआखेड़ी, पड़ियाला, बमूलिया, दोराहा, बरी, नाईहेड़ी, बराड़ीकलां, जमुनिया तालाब और सेमरादांगी ग्राम पंचायतों को प्रदान किए गए। प्रत्येक टैंकर एचडीपीई लाइन, जी.आई. वाटर टैंकर (क्षमता 5500 लीटर) और पावर पंप सहित है। एम.पी. स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज से खरीदे गए प्रत्येक टैंकर की लागत 2,57,645 रुपए है, जिससे कुल 38,64,675 रुपए के टैंकर वितरित किए गए। इस वितरण कार्यक्रम में भाजपा नेता राजकुमार गुप्ता, सीताराम यादव, राजकुमार रिंकू जायसवाल, मंडल अध्यक्ष सुशील ताम्रकार, सुदीप प्रजापति सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।